कार्यालय निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/प्रारं/शिप्र/RKCL/09–10 दिनांक–8/3/10

उप निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा,
....

जिला शिक्षा अधिकारी,
प्रारम्भिक शिक्षा,
....

विषयः– राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आयोजित कम्प्यूटर सर्टिफिकेट कॉर्स के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा कम्प्यूटर/आई.टी. लिट्रेसी कॉर्स राज्य के सेवारत अध्यापकों/मंत्रालयिक कर्मचारियों हेतु चलाया जा रहा है।

आपके अधीन कार्यरत राजकीय अध्यापकों/मंत्रालयिक कर्मचारियों को उक्त कॉर्स करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

राज्य सेवा में कार्यरत अध्यापक/मंत्रालयिक कर्मचारी जो इस कॉर्स को करने के इच्छुक है, को तीन माह का कॉर्स करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

उक्त कॉर्स की अवधि तीन माह है तथा प्रति प्रशिक्षणार्थी शुल्क 2300/– रू है। प्रशिक्षणार्थी द्वारा उक्त कॉर्स को करने हेतु जमा कराया गया शुल्क, उक्त कॉर्स को उतीर्ण करने के पश्चात राज्य सरकार द्वारा पुर्नभरण कर दिया जायेगा। कॉर्स उतीर्ण करने वाले अध्यापकों/मंत्रालयिक कर्मचारियों की सूची अपने कार्यालय में संधारित करेंगे। इस कॉर्स की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.rkcl.in पर उपलब्ध है, तथा इसके राज्य में 1347 केन्द्र कार्यरत हैं।

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर